जन सम्पर्क कार्यालय,
उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर।
दिनांक : 29.01.2014

**प्रेस विज्ञप्ति**
**(सं. 2014/608)**

**जयपुर–जोधपुर–जयपुर सुपर फास्ट 31 जनवरी से अत्याधुनिक डिब्बों के साथ संचालित**

रेलवे प्रशासन द्वारा जयपुर–जोधपुर–जयपुर, सुपर फास्ट एक्सप्रेस में दिनांक 31.01.14 से **LHB** डिब्बे लगाये जा रहे है।

उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जन सम्पर्क अधिकारी श्री तरूण जैन के अनुसार गाडी संख्या 22478/22477, जयपुर–जोधपुर–जयपुर, सुपर फास्ट एक्सप्रेस में दिनांक 31.01.14 से पारम्परिक डिब्बो के स्थान पर **LHB (Link Holfmann Busch)** डिब्बे लगाये जा रहे है। **LHB** डिब्बे जर्मनी से आयातित तकनीक द्वारा तैयार अत्याधुनिक यात्री डिब्बे है, जिनका वर्तमान में रेल कोच फेक्ट्री कपूरथला में निर्माण किया जा रहा है। **LHB** डिब्बे पूर्णःतया स्टेनलेस स्टील से बना होने के कारण वजन में हल्का एवं संरक्षा तथा यात्री सुविधाओं की दृष्टि से सर्वोतम होता है। जयपुर–जोधपुर–जयपुर सुपर फास्ट ट्रेन में 01 थर्ड एसी, 01 वातानुकूलित कुर्सी यान, 08 द्वितीय कुर्सी यान 04 द्वितीय श्रेणी एवं 02 पार्सलमय गार्ड डिब्बे सहित कुल 16 डिब्बे होंगें। **LHB** के कुर्सीयान डिब्बों में 106 यात्री एवं साधारण द्वितीय श्रेणी डिब्बों में पारम्परिक डिब्बो के 90 यात्रियों के स्थान पर 100 यात्रियों के बैठने की क्षमता होती है। इन डिब्बों के शौचालयों में **"कंट्रोल डिस्चार्ज टॉयलेट सिस्टम"** होता है, जो गाडी के स्टेशन से निकलने के बाद 30 किमी. प्रति घण्टा गति होने पर खुलता है एवं अपशिष्ट पदार्थों को स्टेशन सीमा से बाहर छोड़ता है। इन कोचों में पारम्परिक डिब्बों में 02 आपातकालीन निकास के स्थान पर 04 आपातकालीन निकास की व्यवस्था होती है। इसके साथ ही प्रत्येक **LHB** डिब्बों में छोटी पैन्ट्री की भी व्यवस्था होती है, जिसमें फ्रीजर, हॉट केस, हॉट वाटर बॉयलर एवं बॉटल कवर की भी व्यवस्था होती है।

श्री जैन ने बताया कि भारतीय रेलवे पर यात्री सुरक्षा को सर्वोपरी रखते हुये इन अत्याधुनिक डिब्बो को गाडियों में लगाया जा रहा है। ये **LHB** डिब्बे **"एण्टी–क्लाईम्बिंग फीचर"** युक्त होते है, जिससे गाडी के पटरी से उतरने या टक्कर के समय जन हानि न्यूनतम होती है। इनका ब्रेक सिस्टम **"एडवांस न्यूमेटिक डिस्क ब्रेक सिस्टम"** होता है, जो गाडी को उच्च गति एवं सुरक्षित संचालन प्रदान करता है। ये डिब्बे पारम्परिक डिब्बो के स्थान पर यात्रियों को अधिक आरामदायक तथा आवाज (शोर) रहित यात्रा का आंनद प्रदान करते है।

**जन सम्पर्क अधिकारी**
**उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर**